दिन– मंगलवार | दिनांक– 06/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. दिल्ली उच्च न्यायालय ने आईआरसीटीसी घोटाले में तेजस्वी प्रसाद यादव की याचिका पर सीबीआई से जबाव मांगा।

02 बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष आलोक राज ने अपनी नियुक्ति के पांच दिनों बाद ही पद से दिया इस्तीफा।

03. विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप मुकाबले के फाइनल मैच में बिहार ने मणिपुर को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। अगले पांच दिनों में और बढ़ेगी ठंड।

---

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आईआरसीटीसी घोटाले में राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को कोई राहत नहीं दी है। न्यायालय ने आज हुई सुनवाई के दौरान निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने श्री यादव की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा है। याचिका में तेजस्वी प्रसाद यादव ने आईआरसीटीसी घोटाले में अपने खिलाफ आरोपों को चुनौती दी है। मामले की अगली सुनवाई चौदह जनवरी को होगी। कल इसी मामले में अदालत ने लालू प्रसाद की याचिका पर सुनवाई की थी और सीबीआई से जबाव मांगा था। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्टूबर महीने में लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव और ग्यारह अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और भ्रष्टाचार के आरोप तय किए गए थे।

---

बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष आलोक राज ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अपनी नियुक्ति के पांच दिन बाद ही उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग को भेजे अपने इस्तीफे में उन्होंने निजी कारणों का हवाला दिया है।

---

एग्री स्टैक परियोजना के तहत किसानों के निबंधन के लिए आज से प्रदेशभर में विशेष अभियान की शुरूआत हुई है। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने बताया कि यह अभियान नौ जनवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि एग्री स्टैक परियोजना के तहत निबंधन की प्रक्रिया में भूमि संबंधी विवरण को आधार से जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य किसानों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का सुगमतापूर्वक लाभ सुनिश्चित करना है।

---

जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए आज प्रदेशभर में जल जीवन हरियाली दिवस का आयोजन किया गया। पटना में आयोजित मुख्य समारोह में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य में हरियाली का प्रतिशत बढ़कर पन्द्रह हो गया है और इसे सत्रह प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के क्षेत्र में भी इस योजना के तहत अभूतपूर्व काम हुए हैं।

———बाइट———

---

होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग एक सौ उनचास बसों का परिचालन करेगा। ये बसें दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पश्चिम बंगाल से राज्य के विभिन्न शहरों के लिए चलेंगी। बिहार राज्य पथ परिहवन निगम के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इनमें से पचहत्तर बसें एसी डीलक्स होंगी जबकि चौहत्तर बसें नॉन एसी डीलक्स होंगी। संबंधित राज्यों के साथ बस परिचालन के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।

---

राज्य सरकार अवैध खनन में पकड़े गये वाहन और उपकरणों को जब्त कर उसे नीलाम करेगी। खान और भूतत्व विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जब्त वाहन

के मालिकों पर जुर्माना लगाते हुए उन्हें राशि जमा करने का मौका दिया जायेगा। राशि जमा नहीं करने की स्थिति में ऐसे वाहन नीलाम किये जायेंगे। विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों के सहायक खनन निदेशक और खनिज विकास पदाधिकारियों को आदेश जारी कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

---

देश के प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों ने एंटीबायोटिक्स के अत्यधिक उपयोग और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली रोगाणुरोधी प्रतिरोध की समस्या के प्रति आगाह किया है। पिछले महीने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से चिकित्सकों की उचित सलाह से एंटीबायोटिक्स का विवेकपूर्ण उपयोग करने का आग्रह किया। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर राजू अग्रवाल ने लोगों को एंटीबायोटिक्स के अत्यधिक उपयोग के प्रति सचेत किया है।

———बाइट———

---

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। दिन में धूप खिलने के बावजूद सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से कनकनी का एहसास हुआ। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। आज चार दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आ सकती है। कल राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिमी भागों में कुछ जगहों पर शीतदिवस की चेतावनी जारी की गई है। साथ ही उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर सुबह के समय घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाइट———

---

पटना उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू कल शपथ लेंगे। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि मंत्रिमंडल का विस्तार मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि मंत्रिमंडल के विस्तार पर अंतिम फैसला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए के घटक दलों के वरिष्ठ नेता लेंगे।

———बाइट———

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई ने परीक्षा संबंधी तनाव से निपटने के लिए विद्यार्थियों के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श सहायता शुरू की है। सीबीएसई की परीक्षाएं इस वर्ष 17 फरवरी से शुरू हो रही हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि यह सेवा तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने के बारे में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करती है। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों के लिए निरूशुल्क परामर्श इस वर्ष पहली जून तक जारी रहेगा। इस पहल का उद्देश्य परीक्षा संबंधी तनाव को कम करना है। विद्यार्थी टोल–फ्री नंबर 1800118004 पर हिंदी और अंग्रेजी में चौबीस घंटे सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा तनावमुक्त तैयारी, प्रभावी समय और तनाव प्रबंधन, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करती है। इस सेवा के अंतर्गत विद्यार्थियों और अभिभावकों को सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, परामर्शदाताओं, विशेष शिक्षकों और योग्य मनोवैज्ञानिकों सहित 73 प्रशिक्षित पेशेवर सहायता प्रदान करेंगे। इनमें से बारह परामर्शदाता नेपाल, जापान, कतर, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात में हैं। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं आकर्षिता सिंह।

---

मधुबनी कांग्रेस कार्यालय में आज समीक्षा बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं के दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। झड़प की इस घटना में एक नेता को गंभीर चोट आई है। वहीं, एक कार्यकर्ता की अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद दोनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हंगामे के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और के वरिष्ठ नेता शकील अहमद खान मौजूद थे। ये दोनों नेता पार्टी की हार के कारणों की समीक्षा के लिए बैठक करने मधुबनी पहुंचे थे।

---

बिहार ने विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप मुकाबले के फाइनल मैच में मणिपुर को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया है। इसके साथ ही बिहार की टीम ने अगले सत्र में एलीट ग्रुप में खेलने की पात्रता हासिल कर ली है। राँची में खेले गए फाइनल मैच में बिहार ने मणिपुर को छह विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मणिपुर की टीम सैंतालीस ओवर पांच गेंद में एक सौ उनहत्तर रन पर सिमट गई। बिहार ने यह लक्ष्य इकतीस ओवर दो गेंद में चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। बिहार के शब्बीर खान मैन ऑफ द मैच बने जिन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए आठ ओवर में तीस रन देकर सात विकेट हासिल किए, इसमें हैट्रिक भी शामिल है।

---

नेपाल के बागमती प्रांत के मकबानपुर जिले के भीमफेदी क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में बिहार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र के जबकि एक पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र का रहने वाला था। ये सभी नये साल पर काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ के दर्शन के लिए गए थे। वापसी के क्रम में यह हादसा हुआ।

---

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में ईओयू ने विपुल शर्मा नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी पटना के गोला रोड से हुई है। गिरफ्तार अपराधी कुख्यात संजीव मुखिया गिरोह का सदस्य है।

---

सारण पुलिस ने जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर सत्रह शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पन्द्रह हजार लीटर से

अधिक शराब बरामद की गई। वहीं, सुपौल जिले के भपटियाही थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक वाहन से भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

जहानाबाद की एक अदालत ने गैर–इरादतन हत्या के प्रयास के एक मामले में दोषी सुदामा शर्मा को पांच साल कारावास और पच्चीस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच में इलाज कराने पहुंचा एक कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। फरार कैदी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

महिला और बाल विकास निगम द्वारा संचालित सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत अररिया में जागरूकता सखी वार्ता और शपथग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

01. दिल्ली उच्च न्यायालय ने आईआरसीटीसी घोटाले में तेजस्वी प्रसाद यादव की याचिका पर सीबीआई से जबाव मांगा।

02 बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष आलोक राज ने अपनी नियुक्ति के पांच दिनों बाद ही पद से दिया इस्तीफा।

03. विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप मुकाबले के फाइनल मैच में बिहार ने मणिपुर को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। अगले पांच दिनों में और बढ़ेगी ठंड।

---

समाप्त